104

104-106714

I

Total No. of Questions - 16
Total No. of Printed Pages - 4

Regd. No.

Part - II
HINDI - Paper - I
(Second Language)

Time : 3 Hours **Max. Marks : 100**

सूचनाएँ :–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) जिस क्रम से प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है।

खण्ड 'क' (60 अंक)

I. किसी एक दोहे का कवि परिचय देते हुए भावार्थ लिखिए। **1×6=6**

जो रहीम उत्तम प्रकृति, का करि सकत कुसंग।
चंदन विष व्यापत नहीं, लपटे रहत भुजंग।।

अथवा

पोथि पढ़ि–पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय।
ढाई अक्षर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय।।

II. किसी एक कविता का सारांश लिखिए। **1×8=8**

1. सुख–दु:ख
2. अकाल और उसके बाद

III. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए। **1×8=8**

1. शिवाजी का सच्चा स्वरूप
2. पर्यावरण और प्रदूषण

IV. किसी एक कहानी का सारांश लिखिए। **1×8=8**

1. बदला
2. पूस की रात

V. किन्हीं दो पद्यांशों की संदर्भ–सहित व्याख्या कीजिए। **2×5=10**

1. जग पीड़ित है अति–दु:ख से
   जग पीड़ित रे अति–सुख से
   मानव–जग में बँट जाएँ
   दु:ख सुख से औ सुख दु:ख से

2. मुझे तोड़ लेना वनमाली!
उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृ–भूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ जावें वीर अनेक।।

3. कई दिनों तक चूल्हा रोया, चक्की रही उदास।
कई दिनों तक कानी कुतिया सोई उनके पास।।
कई दिनों तक लगी भीत पर छिपकलियों की गश्त।
कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त।।

4. साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बाएँ से वे मलते हुए पेट चलते हैं,
और दाहिना दया–दृष्टि पाने की ओर बढ़ाए।

VI. किन्हीं दो गद्यांशों की संदर्भ–सहित व्याख्या कीजिए। 2×5=10

1. कोलम्बस और वास्को–डी–गामा दो घुमक्कड़ ही थे जिन्होंने पश्चिमी देशों को आगे बढ़ने का रास्ता खोला।
2. 28 फरवरी, 1928 को चन्द्रशेखर वेंकटरामन ने रामन प्रभाव की खोज की, उस खोज के उपलक्ष्य में इस दिन को प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।
3. ब्रह्मा ने एकाकी न रहकर अपने आप को दो में विभक्त कर लिया जिसके दक्षिण अंश को पुरुष तथा वाम को नारी की संज्ञा दी गई।
4. पर–स्त्री तो हरेक के लिए माता के समान है। जो अधिकार–प्राप्त जन है, जो सरदार हैं, या राजा उन्हें........उन्हें तो इस सम्बन्ध में विवेक, सबसे अधिक विवेक रखना आवश्यक है।

VII. एक शब्द में उत्तर दीजिए। 5×1=5

1. पंतजी को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
2. माखनलाल चतुर्वेदी की उपाधि क्या है?
3. कबीरदास के गुरु कौन थे?
4. भिक्षुक कविता के कवि कौन हैं?
5. रहीम किनके पुत्र थे?

VIII. एक शब्द में उत्तर दीजिए। 5×1=5

1. महादेवी वर्मा को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?
2. राहुल जी ने किस आधुनिक वैज्ञानिक की चर्चा की है?
3. पृथ्वी का सुरक्षा कवच क्या है?
4. आन्ध्र प्रदेश की राज भाषा क्या है?
5. आबाजी सोनदेव किसे बन्दी बनाकर लाया?

खण्ड 'ख' (40 अंक)

IX. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र लिखिए। **1×5=5**

1. छुट्टी के लिए प्राचार्य को पत्र लिखिए।
2. आवश्यक पुस्तकों की सूची भेजते हुए पुस्तक विक्रेता के नाम पत्र लिखिए।

X. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए। **5×1=5**

1. संयोग	2. पाप
3. वीर	4. पवित्र
5. सुख	6. अन्त
7. सवाल	8. गुप्त
9. उचित	10. प्रत्यक्ष

XI. किन्हीं पाँच (5) शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए। **5×1=5**

1. पुत्र	2. गृह
3. शरीर	4. रात्रि
5. राजा	6. सरस्वती
7. सूर्य	8. स्वर्ण
9. क्रोध	10. वन

XII. किन्हीं पाँच (5) शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए। **5×1=5**

1. रचइता	2. सामाग्री
3. अणू	4. प्रनाम
5. परीचय	6. भाशा
7. अराम	8. वापिस
9. तोडा	10. रसायण

XIII. किन्हीं पाँच (5) पारिभाषिक शब्दों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए। **5×1=5**

1. Editor	2. History
3. Nurse	4. Nation
5. Class	6. Arts
7. Advance	8. Fuel
9. Earth	10. Application

104-1067714

XIV. **कारक चिह्नों की सहायता से किन्हीं पाँच (5) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।** **5×1=5**

1. वृक्ष ....फल गिरा।
2. मैं कलम ....लिखता हूँ।
3. मोहन ....मिठाई खायी।
4. घर ....चार कमरे हैं।
5. धर्मराज, भीम ....बड़े भाई हैं।
6. राजा, सिंह ....मारता है।
7. कृष्ण ने कंस ....मारा।
8. मेज ....पुस्तक है।
9. यह मणि ....बेटा है।
10. सिर ....बाल हैं।

XV. **सूचना के अनुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए।** **5×1=5**

1. सहदेवी फिल्म देखेगी। (वाक्य को वर्तमानकाल में लिखिए।)
2. भारत के <u>नागरिक</u> सत्यनिष्ठ होते हैं। (रेखांकित शब्द में प्रत्यय पहचानकर लिखिए।)
3. <u>विद्यार्थी</u> ने पत्र लिखा। (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)
4. <u>मैं</u> पाठशाला जाता हूँ। (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर पूरा वाक्य लिखिए।)
5. सरला <u>अनपढ़</u> लड़की है। (रेखांकित शब्द में उपसर्ग पहचानकर लिखिए।)

XVI. **सूचना के अनुसार भाषा विभाग को पहचानिए।** **5×1=5**

1. वह बालक भाग गया। (इस वाक्य में <u>विशेषण</u> शब्द पहचानकर लिखिए।)
2. कल मोहन पुस्तक लाएगा। (इस वाक्य में <u>क्रिया</u> शब्द पहचानकर लिखिए।)
3. तुम यह काम मत करो। (इस वाक्य में <u>क्रिया विशेषण</u> शब्द पहचानकर लिखिए।)
4. सभा में कौन बोल रहे हैं? (इस वाक्य में <u>सर्वनाम</u> शब्द पहचानकर लिखिए।)
5. मोनिका पुस्तक पढ़ती है। (इस वाक्य में <u>संज्ञा</u> शब्द पहचानकर लिखिए।)